अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने एक यहूदी से खाने की वस्तु ख़रीदी और उसके पास अपना लोहे का कवच गिरवी रख दिया।

आइशा बिन्त अबू बक्र -रज़ियल्लाहु अन्हा- कहती हैं कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु
अलैहि व सल्लम- ने एक यहूदी से खाने की वस्तु ख़रीदी और उसके पास अपना लोहे का कवच
गिरवी रख दिया।
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने एक यहूदी से खाने की वस्तु खरीदी और उसके पास एक ऐसा सामान गिरवी रखा, जिसकी आपको अल्लाह के रास्ते में जिहाद के लिए आवश्यकता रहती थी। उसके पास अपना कवच रख दिया, जिसे आप युद्ध के समय पहनकर अल्लाह की अनुमति से उसके ज़रिए अल्लाह दुश्मन के हथियारों तथा षड्यंत्र से बचते थे।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/5881